प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. कल से शुरू हो रहे पवित्र सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम, शिवालयों में भी विशेष तैयारी।
2. गुरु पूर्णिमा के पर्व पर आज प्रदेशभर में हुए विविध आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में विशेष अनुष्ठान के बाद कहा– यह पर्व गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का बड़ा अवसर।
3. राज्य के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने आज गौतमबुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश अग्नि और सुरक्षा एक्सपो को किया संबोधित : कहा– बदलते परिवेश में एमएसएमई निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका। और
4. प्रदेश के 55 जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान हो सकती है हल्की से मध्यम बारिश : नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ चौकियों को किया गया सतर्क।

————————

कल से शुरू हो रहे श्रावण माह के साथ प्रदेश भर में कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। कांवड यात्रा को लेकर खास तैयारियां की गई हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सकुशल सम्पन्न

कराने के लिये सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर 29 हजार से अधिक सीसी टीवी कैमरे, 395 ड्रोन, 18 सौ से अधिक जल सेवा केन्द्र, 829 चिकित्सा शिविर और 12 सौ से अधिक पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इसके साथ ही डीजीपी मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में भी 8 सदस्यीय टीम तैनात की गई है, जो 24 घंटे यूपी 112 समेत अन्य माध्यमों से मिलने वाली सूचनाओं की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं कांवडियों की सुरक्षा के लिये विभिन्न राजमार्गों पर यातायता डायवर्जन के साथ समुचित प्रकाश की व्यवस्था की गई है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिरों में पहुंचते है। ऐसे में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, गोलागोकरणनाथ, लोधेश्वर महादेव और गढ़मुक्तेश्वर समेत अन्य शिव मंदिरों में भक्तों के लिये विशेष प्रबंध किये गये हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। पेश है एक रिपार्ट–

*सावन माह के पहले सोमवार को भगवान का चल प्रतिमा श्रृंगार किया जाएगा। वहीं दूसरे सौमवार को गौरी–शंकर श्रृंगार होगा। तीसरे सोमवार को भक्त भगवान के अर्धनारीश्वर श्रृंगार के दर्शन कर सकेंगे तो चौथे सोमवार को भगवान रुद्राक्ष श्रृंगार में भक्तों को आशीर्वाद देंगे। वृद्धजन, निशक्तजन और अत्यधिक भीड़ के कारण भौतिक रूप से दर्शन से वंचित रह जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन दर्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के आधिकारिक यूट्यूब चौनल पर भी भगवान के दर्शन की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग की जाएगी।*

————————

गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर आज प्रदेशभर में विविध आयोजन किये जा रहे हैं। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथ पंथ की परम्परा के अनुसार विशेष पूजन किया। इस दौरान अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि गुरु की कृपा से ही शिष्य अज्ञान से आत्मबोध और अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व गुरु के प्रति कृतज्ञता जाहिर करने का बेहतरीन अवसर है। बाइट.....

*आज गुरु पूर्णिमा है गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। भारत एक ऐसा देश है जिसने दुनिया को कृतज्ञता ज्ञापित करना सिखाया है कि कृति च प्रति कृतत्यम ऐसा धर्मस्य सनातनम अगर किसी ने आपके प्रति कुछ भी किया है तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारे जीवन में हमारी ये सबसे बड़ी खूबी रही हो। दुनिया के अंदर भारतीय इस मामले में सबसे ज्यादा जागरूक रहे है और गुरु के प्रति माता पिता के प्रति अपने से बड़ों के प्रति और जीवन में उन सभी लोगों के प्रति जो आपके जीवन में किसी रूप में योगदान दे रहे हैं।*

वाराणसी में गुरु के प्रति श्रद्धा और भाव दर्शाने के लिये नगर के विभिन्न मठों और आश्रमों में गुरु के पांव पखाने के लिये शिष्यों का तांता लगा हुआ है। जिले के पड़ाव स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या में इस मौके पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और भंडारों का आयोजन किया गया है।

शहर के मणिराम छावनी में भी दूर दराज से आये श्रद्धालु सैकड़ों साल पुराने परम्परा का निर्वहन कर गुरु का आशीर्वाद ले रहे हैं। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में गुरु पूर्णिमा पर्व आदर और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। बौद्ध धर्म में गुरु पूर्णिमा यानी आषाण पूर्णिमा का खासा धार्मिक महत्व है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन महात्मा बुद्ध ने सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था। बौद्ध धर्म में तीन महीने तक चलने वाला वर्षावास आज से शुरू हो गया है जो अश्विन पूर्णिमा तक जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रयागराज, मिर्जापुर के विन्ध्याचल, मथुरा के गोवर्धन सहित विभिन्न आश्रमों में गुरु के दर्शन पूजन का सिलसिला जारी है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि राज्य सरकार औद्योगिक सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा देने के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। श्री सचान आज गौतमबुद्ध नगर में पीएचडी चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित चौथे उत्तर प्रदेश अग्नि और सुरक्षा एक्सपो तथा सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो न सिर्फ नई तकनीकी और समाधानों को प्रदर्शित करने का मंच है, बल्कि उद्यमियों और नीति निर्धारकों को एक साथ सुरक्षित और टिकाऊ औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने का मौका भी देता है। श्री सचान ने कहा कि बदलते परिवेश में एमएसएमई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बाइट.....

*एमएसएमई सेक्टर में अभूतपूर्व प्रगति हमारे उत्तर प्रदेश में हो रही है। उत्तर प्रदेश दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर के उभर रहा है। शीघ्र ही ओने ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का जो लक्ष्य है उसको पाने के लिए लगातार सरकार का प्रयास चल रहा है। आज छियानवे लाख से अधिक एमएसएमई का। उत्तर प्रदेश में है। एमएसएमई लगातार जिस तरह से कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला सेक्टर है। लगभग पौने दो करोड़ लोगों को उत्तर प्रदेश में रोजगार भी एमएसएमई के माध्यम से मिल रहा है। एमएसएमई का योगदान राज्य सकल घरेलू उत्पाद भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।*

————————

प्रदेश क मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज वाराणसी में पूर्वांचल के 24 जनपदों के जिला

निर्वाचन अधिकारी के साथ बैठक कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री रिणवा ने अधिकारियों को मतदाता सूची सहित अन्य तैयारियों को अभी से शुरू कर देने का निर्देश दिया। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान अधिकारियों को इस बात के दिशा निर्देश दिये गये हैं कि वोटर लिस्ट शत प्रतिशत सही हो और ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों का नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने का काम पारदर्शिता के साथ किया जाये।

————

प्रदेश के एडीजी कानून—व्यवस्था अमिताभ यश ने मीडिया को बताया कि आज उत्तर प्रदेश एटीएस ने धर्मान्तरण के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लिया है। दोनों से उनके गिरोह के नेटवर्क, पैसों के लेन—देन और उनकी अवैध संपत्तियां के बारे में पूछताछ की जाएगी।

————

उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम में जल्द ही तीन हजार दो सौ संविदा महिला परिचालकों की भर्ती की जायेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया है कि यह भर्तियां अनुबंध के आधार पर की जा रही हैं। निगम ने

रोडवेज में 5 हजार संविदा महिला परिचालकों की भर्ती करने की घोषणा की थी, जिसके तहत अब तक 18 सौ महिला कंडक्टरों की भर्ती की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बाकी पदों पर भर्ती के लिये 15 से 25 जुलाई के बीच प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

————————

मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया है कि प्रदेश के बुन्देलखंड सहित 55 जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है और कुछ जगहों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश के मौसम की बात करे तो टर्फ लाइन उत्तर प्रदेश के साउथ से पास हो रहा है। साथ ही झारखंड के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है जिसकी वजह से साउथ रीजन है जैसे प्रयागराज रीजन, बुन्देलखंड रीजन में भारी बारिश की संभावना है और तीन दिनों के बाद टर्फ लाइन धीरे धीरे नार्थ की तरफ शिफ्ट होगा। तो उससे प्रदेश के सेंट्रल और तराई बेल्ट में मध्यम वर्षा की संभावना बनेगी। तो कहीं न कहीं तीन दिन तक जो साउथ का रीजन है वहां पर भारी वर्षा की संभावना है। बाकी छिटपुट वर्षा होगी।*

इस बीच, प्रदेश की कई नदियों का जल स्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड में हो रही बरसात और बनबसा बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण पीलीभीत में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। वहां जिला प्रशासन ने सभी बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया है।

(समाप्त)